Regarding alleged irregularities in maintenance of Deen Dayal Upadhyaya Railway Station-Laid

श्री वीरेन्द्र सिंह **(**चन्दौली**)** : एशिया का सबसे बड़ा जंक्शन पं० दीन दयाल उपाध्याय (मुगलसराय) होने के बावजूद वहाँ जन सुविधाएं न के बराबर हैं । बुजुर्गों व दिव्यांग यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे पर जाने के लिए न तो स्वचालित सीढ़ी है, न उनके विश्रामालय हेतु उच्च कोटि की व्यवस्था है । रेल कर्मचारियों के जर्जर हो चुके आवासों की हालत बेहद दयनीय है । भारी गन्दगी एवं जल जमाव के कारण वहां रहना नारकीय हो चुका है । गंदे पानी की निकासी हेतु कॉलोनियों के नाले-नालियां, सीवर आदि ध्वस्त हो चुके हैं । सड़कें गालियां सब कूड़े से पटे हुए हैं । डी.आर.एम कार्यालय में कथित तौर पर अनियमितताएं पाई गई हैं, जहां कागजों पर सफाई होती है और बिना किसी निर्माण के ही ठेकेदारों को पूरा भुगतान हो जाता है ।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि रेलवे सेटलमेंट एरिया एवं डी. आर.एम (DDU) कार्यालय में व्याप्त कथित अनियमितताओं की विजिलेंस द्वारा जांच कराकर बदहाल व्यवस्था को दुरुस्त करने का कष्ट करें ।